**प्रेस नोट पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद दिनांक 13.08.2024**

## थाना नन्दग्राम पुलिस टीम द्वारा 02 अभियुक्त गिरफ्तार,कब्जे से 11 किलो 100ग्राम अवैध गांजा बरामद ।

दिनांक 13-08-24 को चैकिंग के दौरान थाना नन्दग्राम पुलिस टीम द्वारा हिन्डन विहार मेट्रो स्टेशन की पार्किंग से हिन्डन विहार जाने वाले कच्चे रास्ते से 02 अभियुक्तगण को गिरफ्तार किया गया,जिनके कब्जे से 11 किलो 100 ग्राम अवैध गांजा बरामद किया गया है व अन्य आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

**अभियुक्त का नाम व पता--**

1 सुरेश चौधरी पुत्र मदन सिंह निवासी म0नं0 26 गली नं 5 पंचवटी कालोनी जेवर थाना जेवर ग्रेटर नोएडा, मुल पता- ग्राम हसनपुर थाना मसुरी जिला गाजियाबाद, उम्र करीब- 40 वर्ष।

2 सोनू पुत्र परमान्द निवासी हाल पता- शनि मंदिर के पीछ 30 फुटा रोड गली नं 1 नई बस्ती थाना नन्दग्राम गाजियाबाद , मुल पता- 52/53 राजू किस्त वाली गली , गली नं 4 आश्रम रोड थाना नन्दग्राम गाजियाबाद, उम्र करीब- 32 वर्ष।

**पूछताछ का विवरण--**

गिरफ्तार किये गये अभियुक्त सुरेश चौधरी ने पूछताछ पर बताया कि मेरे द्वारा यह गांजा नन्दग्राम क्षेत्र के ही गौरव वाल्मिकी, कमल तांती , विमला उर्फ पंडतानी व राजा से खरीद लेता हूँ, और उनकी प्लास्टिक पुडिया बनाकर राह चलते लोगो को बेच देता हूँ।

**बरामदगी का विवरण—**

अभि0 सुरेश चौधरी के कब्जे से कुल 6.650 किलोग्राम गांजा बरामद।

अभि0 सोनू के कब्जे से कुल 4.450 किलोग्राम गांजा बरामद।

**गिरफ्तारी करने वाली टीम--**

थाना नन्दग्राम पुलिस टीम।

## थाना नन्दग्राम पुलिस टीम द्वारा 02 लूटेरे गिरफ्तार, कब्जे से लूटा गया मो0फोन व घटना में प्रयुक्त मो0सा0 बरामद ।

दिनांक 12-08-24 को वादी मौ0 जावेद पुत्र राशीद अली पता 89डासना गेट पक्की सराय गाजियाबाद थाना कोतवाली गाजियाबाद ने सूचना दी कि मैं अपनी स्कूटी से कौशाबी से अपने घर आ रहा था तो इसी बीच मेरे फोन पर किसी परिचित का फोन आ गया जिसे मे फोन को सुनते हुए आ रहा था, हिन्डन विहार के पास पीछे से एक बाईक पर दो व्यक्तियो ने मेरा फोन वीवो y-5 छीन लिया, उक्त सूचना पर तत्काल अभियोग पंजीकृत की गया।

**कार्यवाही का विवरण** -

उपरोक्त घटना का तत्काल संज्ञान लेते हुए, थाना स्तर पर टीमो का गठन कर सर्विलांस, सीसीटीवी व लोकल इनपुट की मदद से दिनांक 13-08-24 को मुखबिर की सूचना के आधार पर चैकिंग के दौरान नन्दी पार्क के कट के पास से थाना नन्दग्राम पुलिस टीम द्वारा, 02 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया, जिनके कब्जे से लूटा गया मो0फोन VIVO Y-5 व घटना में प्रयुक्त मो0सा0 बरामद , अभियुक्तों के विरुद्ध अन्य आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

**पूछताछ का विवरण**--

अभियुक्तो ने पूछताछ पर बताया कि हमने यह मो0फोन हिन्डन विहार कट के पास से स्कूटी मो0फोन से बात करते जा रहे व्यक्ति से छीना था, आज हम इसे बेचने के लिए जा रहे थे। हम लोग नशे के आदि है , मो0फोन छीनकर और चोरी चकारी करके अपना शौक पूरा करते है।

**अभि0गण का नाम व पता**--

1) मारुफ पुत्र फारुख निवासी न्यू हिन्डन विहार हज हाउस कालोनी थाना साहिबाबाद गाजियाबाद , उम्र करीब 18.5 वर्ष।
2) शाकिब पुत्र फारुख निवासी न्यू हिन्डन विहार हज हाउस कालोनी थाना साहिबाबाद गाजियाबाद, उम्र करीब 20 वर्ष।

**बरामदगी का विवरण**—

लूटा गया, 01 मो0फोन,
घटना में प्रयुक्त मो0सा0

**गिरफ्तारी करने वाली टीम**--

थाना नन्दग्राम पुलिस टीम।

**थाना मुरादनगर पुलिस द्वारा सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर आपत्तिजनक टिप्पणी करने वाले बाल अपचारी को अभिरक्षा में लिया गया, कब्जे से अपराध में प्रयुक्त मोबाइल फोन बरामद।**

दिनांक 12.08.2024 को थाना मुरादनगर पर वादी श्री शुभम शर्मा पुत्र श्री अमरीश शर्मा निवासी बिसोखर लंकापुरी मोदीनगर गाजियाबाद के द्वारा लिखित तहरीर दी गई कि सोशल मीडिया के माध्यम से एक व्यक्ति द्वारा सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर धार्मिक सौहार्द बिगाड़ने के उद्देश्य से एक पोस्ट की गई है। प्राप्त तहरीर के आधार पर थाना मुरादनगर पर सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत कर जाँच की गयी।

तत्पश्चात थाना मुरादनगर पुलिस द्वारा दिनांक 13.08.24 को मुखबिर की सूचना के माध्यम से उपरोक्त घटना कारित करने वाला बाल अपचारी को अभिरक्षा में लिया गया, जिसके कब्जे से अपराध में प्रयुक्त मोबाइल फोन बरामद किया गया। अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**अपराधिक इतिहास/पंजीकृत अभियोग-**

उपरोक्त घटना के संबंध में बाल अपचारी के विरुद्ध थाना मुरादनगर पर 01 अभियोग पंजीकृत किया गया है,

**बरामदगी का विवरण-**

अपराध में प्रयुक्त एक मोबाइल फोन बरामद,

**कार्यवाही करने वाली पुलिस टीम-**

थाना मुरादनगर पुलिस टीम।

**क्राईम ब्रान्च पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद द्वारा चोरी व फर्जी फाईनेन्स की गाडियों की खरीद फरोख्त करने वाले अन्तर्राज्यीयगिरोह का पर्दाफाश,02 अभियुक्त गिरफ्तार, कब्जे से चोरी व फर्जी फाईनेन्स के 03 लग्जरी चार पहिया वाहन बरामद**

दिनांकः **13/08/2024** को क्राइम ब्रान्च पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद द्वारा गाजियाबाद , दिल्ली एनसीआर क्षेत्र में लग्जरी गाडियों की चोरी व फर्जी फाईनेन्स कराकर खरीदने बेंचने वाले अन्तर्राज्यीय गिरोह के 02 शातिर अभियुक्तों को थाना मुरादनगर क्षेत्र से गिरफ्तार करने में महत्तवपूर्ण सफलता हासिल की है। जिनके कब्जे से चोरी व फर्जी फाईनेन्स के 03 चार पहिया लग्जरी वाहन, फर्जी नम्बर प्लेट आदि बरामद हुए।

**पूछताछ का विवरण-** पूछताछ पर अभियुक्त संजय भाटी ने बताया कि वह 12वीं पास है तथा उसका नोएडा में एक वर्कशॉप है जहां वह गाड़ियों की डेन्टिगं पेन्टिगं का काम पिछले 10- 12 साल से कर रहा है तथा उसके वर्कशॉप में पांच लोग काम करते हैं इससे पहले वह अरुण मिस्त्री के यहां काम करता था। गाड़ी खरीदने बेचने का काम वह पिछले 2 साल से अपने गैराज से ही कर रहा है। कुछ साल पहले उसके बड़े बेटे का एक्सीडेंट हो गया जिसके दिमाग का 5 बार ऑपरेशन हो चुका है जिसके ईलाज पर बहुत ज्यादा खर्च हो चुका था। तथा ईलाज मे उसका प्लॉट भी बिक गया था और वह कर्जे में आ गया था। करीब दो साल पहले वह आरटीओ ऑफिस नोएडा मे गाड़ी के कागजात बनावाने के के सम्बन्ध मे दलाल राजीव के सम्पर्क में आया राजीव ने उसे बताया कि राजीव के सम्पर्क मे गाड़ी चुराने वाले ब फर्जी फाइनेंस की गाड़ी देने वाले लड़के हैं जिनसे गाड़ी लेकर वह लोगो को गाडी, फाइनेंस कंपनी से सेटलमेंट होना बताकर तथा फर्जी कागज बनवाकर धोका देकर बेच देता है जिसमे काफी फायदा है इस पर राजीव की बातो से प्रभावित होकर संजय भाटी भी इस काम मे लग गया।

पूछताछ पर अभियुक्त राजीव ने बताया कि वह आरटीओ ऑफिस नोएडा में पिछले 6 वर्ष से दलाली का कार्य कर रहा है। इससे पहले वह दिल्ली मयूर विहार में दूसरे के मेडिकल लाइसेंस को 2000 रू0 महीना किराए पर लेकर अपना मेडिकल स्टोर चलाता था। 5 से 6 वर्ष मेडिकल स्टोर चलाने के बाद उसमे काफी नुकसान होने पर मेङिकल स्टोर बंद कर दिया और फिर नोएडा आरटीओ ऑफिस में दलाली का कार्य बब्लू नागर के साथ मिलकर शुरू कर दिया, जब आरटीओ मे दलाली का पूरा काम सीख गया तो उसने अपना दलाली का काम शुरू कर दिया, इसी बीच नोएडा में ही उसकी मुलाकात सरफाबाद नोएडा के सोनू यादव से हुई तथा उसके साथ मिलकर चोरी की गाडियों व फर्जी फाईनेन्स के कागजात बनाने का काम करने लगे। फाइनेंस गाडियों की आरसी में गाड़ी मालिक का नंबर चेंज कर अपना नंबर लिखवा कर फर्जी तरीके से गाड़ियों को ट्रांसफर करवा देते थे तथा संजय भाटी को मलिक बताकर उससे विडियो कॉल पर बात कराकर धोखाधडी से गाड़ियों को बेच देते थे । राजीव का साथी सोनू इसी काम मे पूर्व मे जेल चला गया है जो अभी जेल मे हैं। राजीव चोरी की गाड़ियां नितिन और अज्जू से खरीदता था। चोरी व फर्जी की गाडियों की खरीद फरोख्त मे जो भी फायदा होता था उसे ये लोग आपस मे वांट लेते थे और उस पैसे से ये लोग अपने शौक तथा अपने घर के खर्चे पूरे करते हैं।

अभियुक्तों ने पूछताछ पर यह भी बताया कि जब यह लोग गाडियों की चोरी व उसकी डिलीवरी करने जाते है तो उस समय पहचान छुपाने के लिए गाडियों की नम्बर प्लेट बदलकर फर्जी नम्बर प्लेट लगाकर पहले से तयशुदा स्थान पर मिलकर गाडियों की चोरी व उनकी डिलीवरी करते थे। नार्मल कॉल करने से बचते थे। अभियुक्तगण शातिर किस्म के अपराधी है इनके द्वारा गाजियाबाद ,दिल्ली एनसीआर व आसपास के राज्यो मे चोरी व फर्जी फाईनेन्स की गाडियों की खरीद फरोख्त की कई घटनाओ को अंजाम दिया गया है। अभियुक्तों से मिली जानकारी के आधार पर अन्य अभियुक्तो व चोरी व फर्जी फाईनेन्स की गाडियों की खरीद फरोख्त करने वालो की गिरफ्तारी व बरामदगी हेतु टीम बनाकर कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्तों का विवरण-**

1 संजय पुत्र खेमा सिंह निवासी साकीपुर थाना सूरजपुर जिला गौतमळुधनगर नोएङा उम्र करीब 45 वर्ष

2. राजीव पुत्र हरी सिंह निवासी ग्राम वहरांनपुर थाना खरखौदा जिला मेरठ उम्र करीब 35 वर्ष

**<u>बरामदगी का विवरण</u>** –

**1.** आई 20 गाड़ी रंग सफेद रजि0न0 DL8CAV7160 (दिल्ली से चोरी)

**2.** कार क्रेटा गाड़ी रंग सफेद

**3.** कार स्फिट डिजायर रंग सफेद

**4.** दो फर्जी न0 प्लेट

**आपराधिक इतिहास-**

1.अभियुक्त संजय के विरूद्ध गाजियाबाद मे 01 अभियोग पंजीकृत है।

2. अभियुक्त राजीव के विरूद्ध गाजियाबाद मेवाहन चोरी व लूट के 07 व दिल्ली मे 01 अभियोग पंजीकृत है।

**गिरफ्तार करने वाली टीम-**

क्राइम ब्रान्च, पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद